प्रपत्र–1

**परियोजना का नामः**–तराई केन्द्रीय वन प्रभाग में केन्द्रीय सड़क अवसंरचना निधि योजना के अन्तर्गत वर्ष 1980 से पूर्व से निर्मित गदरपुर–दिनेशपुर–मदकोटा हल्द्वानी मोटरमार्ग (राज्य मार्ग सं0–05) को मदकोटा से हल्द्वानी तक दो लेन पेव्ड शोल्डर सहित चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण के कार्य हेतु (किमी 17 से किमी 38 तक) वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव।

## प्रतिवेदन
## (परियोजना के सम्बन्ध में संक्षिप्त विवरण)

तराई केन्द्रीय वन प्रभाग में केन्द्रीय सड़क अवसंरचना निधि योजना के अन्तर्गत 1980 से पूर्व से निर्मित गदरपुर–दिनेशपुर–मदकोटा हल्द्वानी मोटरमार्ग (राज्य मार्ग सं0–05) को मदकोटा से हल्द्वानी तक दो लेन पेव्ड शोल्डर सहित चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण के कार्य के कार्य हेतु सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र संख्या NH-28014/01/2014-UR/CRF/Zone-I दिनांक 30.07.2021 के माध्यम से धनराशि रू0 5817.44 लाख की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्राप्त हुई है।

परियोजना हेतु आवेदित वन भूमि के अतिरिक्त अन्य वैकल्पिक भूमि का चयन नहीं किया जा सकता है तथा सम्बन्धित क्षेत्र (मार्ग) के चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण से जन सामान्य को लाभ मिलेगा। उक्त सड़क के चौड़ीकरण करने से यातायात निर्बाध रूप से चलेगा। प्रस्तावित कार्य जनहित में किया जाना है व स्थानिय एवं अन्य निवासियों को रोजगार के अवसर प्रदान होंगे।

उक्त परियोजना के निर्माण से इस स्थल पर लगने वाले जाम से मुक्ति मिल जाएगी, जिससे स्थानीय जनता, यात्रियों को सुलभ यातायात उपलब्ध हो जाएगा तथा आवागमन सुचारू रूप से बना रहेगा। उक्त परियोजना का निर्माण पूर्व से निर्मित गदरपुर–दिनेशपुर–मदकोटा हल्द्वानी मोटरमार्ग (राज्य मार्ग सं0–05) को मदकोटा से हल्द्वानी तक दो लेन पेव्ड शोल्डर सहित चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण का कार्य किया जा रहा है। विषय की महत्ता को देखते हुए उक्त परियोजना का निर्माण किया जाना अतिआवश्यक है। यह क्षेत्र वनभूमि क्षेत्र के अन्तर्गत आता है, उक्त परियोजना हेतु आवेदित 16.69 है0 वनभूमि की आवश्यकता का औचित्य उचित है।

उक्त परियोजना का निर्माण ब्रिज, रोपवे, टनल एण्ड अदर इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लिमिटेड (ब्रिडकुल), निर्माण इकाई, हल्द्वानी द्वारा किया जायेगा। परियोजना की लम्बाई 21470 मी0 (21.470 किमी0) व अधिकांश भाग में चौड़ाई 12 मी0 है तथा कुछ स्थानों पर 17.50, 14.50, 17.00, 14.50, 15.00, 16.00 मी0 है। परियोजना के अन्तर्गत प्रभावित/हस्तान्तरण हेतु प्रस्तावित वन भूमि का कुल क्षेत्रफल 16.69 है0 है तथा नाप भूमि का क्षेत्रफल 10.25 है0 है। इस प्रकार परियोजना का कुल क्षेत्रफल 26.95 है0 है। अतः परियोजना हेतु 16.69 है0 वनभूमि लो0नि0वि0 को हस्तान्तरित करने की स्वीकृति प्रदान करने की कृपा करें।

(प्रयोक्ता एजेन्सी)

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो० नि० वि०
हल्द्वानी (नैनीताल)